प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 11.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज झांसी में युवा उद्यमी विकास योजना के एक हजार लाभार्थियों को दिया ऋण : कहा– देश के ग्रोथ इंजन के रूप में काम कर रहा है नया उत्तर प्रदश।
2. मुख्यमंत्री ने लखनऊ में महाकुंभ में सेवा देने वाले सफाई कर्मचारियों को किया सम्मानित :कहा– सफाई कर्मियों के न्यूनतम वेतन की मांग को अप्रैल में किया जाएगा लागू।
3. ब्रज में 40 दिनों तक चलने वाले रंगोत्सव के क्रम में आज गोकुल में दिखा छड़ीमार होली का उत्सव : काशी के मणिकर्णिका घाट पर भस्म से खेली गई होली।

और

4. उत्तर रेलवे यात्रियों की सुविधा के होली पर चलाएगा 400 से अधिक ट्रेनें : महाकुंभ की तर्ज पर स्टेशनों पर होगा क्राउड मैनेजमेंट।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज झांसी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत झांसी और चित्रकूट मंडल के संयुक्त क्रेडिट कैंप का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने युवा उद्यमी विकास योजना के एक हजार 70 लाभार्थियों को ऋण भी प्रदान किया। इस अवसर पर

मुख्यमंत्री ने स्मार्ट सिटी द्वारा पीपीपी मॉडल पर बने 200 बेड के स्मार्ट हॉस्पिटल का उद्‌घाटन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश अपने पूरे सामर्थ्य के साथ आगे बढ़ रहा है। बाइट.....

*माफिया की गिरफ्त में आया हुआ प्रदेश आज उन्मुक्त वातावरण में विकास के नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जो प्रदेश पहले बीमारू राज्य माना जाता था। आज देश का ग्रोथ इंजन बना हुआ है, जो प्रदेश कभी माना जाता था कि देश के विकास का एक ब्रेकर है वह प्रदेश देश की नंबर दो की अर्थव्यवस्था बन करके भारत के विकास का ब्रेक थ्रू बन रहा है।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीएम युवा का मकसद युवाओं को उद्यमी बनाकर आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण यानी बीडा देश का सबसे बड़ा औद्योगिक नगर बनकर बुंदेलखंड को नई पहचान देगा। बाइट.....

*बीडा के नाम पर बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण आपका बन रहा है। छप्पन हजार एकड़ क्षेत्रफल में देश का एक सबसे बड़े औद्योगिक नगर के रूप में झांसी कानपुर के बीच में किसी के पास नहीं। बुंदेलखंड की ताकत का एहसास अब दुनिया करेगी।*

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में एक निजी कार्यक्रम में महाकुंभ में सेवा देने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने सफाई कर्मचारियों को नींव का पत्थर बताते हुए कहा कि इन्होंने स्वच्छ कुम्भ के संदेश को साकार किया है। उन्होंने कहा

कि सफाई कर्मियों के न्यूनतम वेतन की मांग को अप्रैल में लागू किया जाएगा।

---

केंद्र सरकार अगले तीन साल में देश के हर जिले में डे केयर कैंसर सेंटर खोलेगी। आज राज्यसभा में एक पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि दो हजार पचीस–छब्बीस में दो सौ डे केयर कैंसर सेंटर खोले जाएंगे। हाल ही में आई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए श्री नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत–पीएम जन आरोग्य योजना के क्रियान्वयन से कैंसर रोगियों का स्क्रीनिंग के तीस दिनों के भीतर उपचार शुरू हो जाता है। उन्होंने कहा कि सरकार राष्टीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत किफायती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के लिए काम कर रही है।

*इस नेशनल हेल्थ मिशन के तहत हेल्थ को हम अफोर्डेबल, एक्सेसेबल और उसके साथ–साथ इक्विटेबल बनाने के लिए हम क्वालिटी हेल्थ केयर देने का प्रयास एन एच एम के माध्यम से कर रहे हैं और उसमें हम बहुत तरीके के सपोर्ट कर रहे हैं। टेक्निकल सपोर्ट भी कर रहे हैं, मैनपावर सपोर्ट भी कर रहे हैं, फाइनेंशियल सपोर्ट भी कर रहे हैं।*

---

राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने आजमगढ़ में आंगनबाड़ी किट, पोषण पोटली, आयुष्मान कार्ड और मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान तथा मुद्रा योजना के तहत

लाभार्थियों को चेक वितरित किये। इस अवसर पर अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को और बेहतर करने के लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों में पढ़ने वाले बच्चों को हेल्थ किट के उपयोग के बारे में प्रेरित करें। कार्यक्रम में राज्यपाल ने दहेज प्रथा, बाल विवाह और नशे की लत से दूर रहने पर भी बल दिया।

——————

प्रदेश के कारागार मंत्री दारा सिंह चौहान ने आज लखनऊ के डॉक्टर संपूर्णानंद कारागार प्रशिक्षण संस्थान के दीक्षांत समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षु डिप्टी जेलर और प्रशिक्षु जेल वॉर्डर के पास आउट अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जेल के अधिकारियों और कर्मचारियों को जिस तरह का प्रशिक्षण दिया जा रहा है उससे प्रदेश की जेल रोल मॉडल बनेंगी। महाकुंभ का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश इकलौता ऐसा राज्य है जिसने जेल में बंद कैदियों को भी संगम जल से स्नान करने का मौका दिया है।

——————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0

पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

ब्रज में 40 दिनों तक चलने वाले रंगोत्सव के क्रम में आज गोकुल में छड़ीमार होली खेली गई। परम्परा के अनुसार छड़ीमार होली के दिन बरसाने के हुरियारे होली मनाने गोकुल जाते हैं। समारोह की शुरुआत श्री कृष्ण के बाल स्वरूप का डोला निकालने से हुई। ठाकुर जी की यात्रा के लिए पूरे रास्ते को फूलों से सजाया गया और होली खेली। इस रंगोत्सव में शामिल श्रद्धालुओं ने बताया कि पांच हजार साल पुरानी परम्परा में शामिल होना उनके लिये अनोखा अनुभव है। बाइट.....

*ये आयोजन फागुन महिना और द्वादशी तिथि कल पुंजगाची आज द्वादशीतिथि है। आज यहाँ ये। दुनिया में बरसाने में लठ मार होली होती है। यहाँ होती है छड़ी मार होली यहाँ भगवान का बाल रूप है यशोदा का वात्सल रूप है आज बिरज में होरी रे रसिया ............*

*ये कम से कम पाँच हज़ार साल पुरानी रीति है बाल रूप में भगवान को जैसे गोपियों ने मारा ऐसे आज हमारी बृजवासिन गोकुल के ग्वालों को छड़ी से मारती है।*

——————————

वाराणसी में आज मसान की होली के साथ होलिकोत्सव का आयोजन शुरू हो गया। मणिकर्णिका घाट पर इस होली के लिये भव्य आयोजन किया गया। जिसमें

जमकर भस्म की होली खेली गयी। प्रस्तुत है हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट–

*दोपहर करीब 12 बजे मसाननाथ की आरती होने के बाद भस्म होली शुरू हुई। मां काली का रौद्र रूप, हर तरफ उड़ती चिता की राख ... गले में नरमुंड माला, मुंह से उगलते आग के गोले और शिव तांडव। यह सब आज काशी के मणिकर्णिका घाट पर नजर आया। इसको देखने के लिए 20 देशों आए हुए आगंतुकों के साथ नागा साधु भी इसमें शामिल रहे। ऐसा पहली बार हुआ कि महिलाएं इस होली में शामिल नहीं हो पाईं। क्योंकि उन्हें इजाजत नहीं दी गई थी।*

बनारस की मसान की होली प्राचीन परंपरा है। यह होली भगवान शिव को समर्पित है।।

———————

होली के मद्देनज़र स्वास्थ्य विभाग ने सभी चिकित्साधिकारियों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। बाइट......

*पूरी तरह से पूरे प्रदेश के सभी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि अमन चौन के साथ साथ सभी अस्पतालों को अलर्ट पोर्ट पर रखें। कोई भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहें। छुट्टियां निरस्त कर दी गई हैं। अस्पतालों में सारी व्यवस्थाएं सुनिश्चित रहेंगी।*

———————

उत्तर रेलवे होली के त्यौहार से पहले यात्रियों की सुविधा के लिए 400 से अधिक विशेष रेलगाडियां संचालित कर रहा है। संवाददाताओं से बातचीत में उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया

कि नई दिल्ली, आनंद विहार और हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिनी कंट्रोल रूम और प्रतीक्षालय बनाए गए हैं।

---------

महाकुम्भ में प्रयागराज रेल मण्डल के स्टेशनों पर अपनाये गये क्राउड कंट्रोल के तरीकों को अब रेलवे होली समेत सभी प्रमुख त्योहारों पर उपयोग में लाएगा। प्रयागराज रेल मण्डल के एसपीआरओ अमित मालवीय ने बताया कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्राउड मैनेजमेंट को लेकर कई जरूरी निर्णय लिये गये हैं। इनमें त्योहारों या अधिक भीड़ वाले अवसरों पर स्टेशन परिसर में केवल आरक्षित श्रेणी के यात्रियों को अलग गेट से प्रवेश दिया जाएगा।

---------

जौनपुर में तीन दिवसीय महोत्सव का आगाज हो चुका है। महात्सव में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन, के साथ ही पर्यटकों के लिए कई विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल इस महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हिस्सा लेकर 1001 जोड़ों को आशीर्वाद देंगे।

---------

मौसम विभाग ने आने वाले 24 घंटों में मौसम शुष्क रहने और तेज़ सतही हवाएं चलने का अनुमान जताया है।

वहीं 13 और 14 मार्च को राज्य के पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है।

(समाप्त)